RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 49 • 2:03:2024 • शनिवार • मूल्य : 5/-

तमिलनाडु की सियासत

## रॉकेट भारत का, मिशन इसरो का और झंडा चीन का

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तमिलनाडु में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के दौरे पर हैं। उनकी तरफ से कुलाशेखरपट्टीनम में इसरो के नए लॉन्च कॉम्प्लेक्स की आधारशिला रखी गई है। अब एक नया विवाद भी उस प्रोजेक्ट को लेकर शुरू हो गया है। तमिलनाडु सरकार में मंत्री हैं- अनिता राधाकृष्णन। उनकी तरफ से इसी प्रोजेक्ट को लेकर लोकल मीडिया में एक विज्ञापन छापा गया, उसमें सब



कुछ बताया गया, बस एक बड़ी हैरानी- रॉकेट पर चीन का झंडा लगा था। सभी के मन में सवाल है कि जब मिशन इसरो का है, रॉकेट भारत का है तो उस पर चीन का झंडा कैसे आ गया। अब डीएमके सरकार इस पर कोई तर्क दे पाती, उससे पहले ही बड़ा खेल हो गया। बीजेपी की तरफ से इसे मुद्दा बनाया गया और खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे बड़ा सियासी हमला किया। उनकी तरफ से कहा गया कि डीएमके को भारत की तरक्की बर्दाश्त नहीं है। डीएमके के लोग वैज्ञानिकों का अपमान कर रहे हैं।

## बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में जबरदस्त धमाका

### एक महिला समेत 5 जख्मी, बम डिस्पोजल स्क्वाड मौके पर

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** बेंगलुरु के लोकप्रिय रेस्तरां रामेश्वरम कैफे में शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। कैफे में आग लग जाने से कम से कम पांच लोग घायल हो गए। संदेह है कि एक सिलेंडर में विस्फोट होने के कारण आग लगी। पुलिस ने यह जानकारी दी है। घायल व्यक्तियों की वास्तविक संख्या के बारे में



तत्काल कोई जानकारी नहीं है। हालांकि पुलिस ने कहा कि कम से कम पांच लोगों को अस्पताल ले जाया गया है। कुन्दनहल्ली इलाके में स्थित रामेश्वरम कैफे में विस्फोट होने से आग लग गई। पुलिस और दमकल विभाग के कर्मी स्थिति पर काबू पाने के लिए वहां पहुंच गए हैं। विस्फोट के समय जोरदार आवाज सुनी गई और पड़ोसी दुकानों, फ्रंट ऑफिस और कार्यालयों से लोग मौके पर पहुंचे। विस्फोट के कारण आग लगने पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और घायलों को बचाने और भीड़ को तितर-बितर करने में जुट गई।

चीन का बड़ा दावा-

## एलएसी पर हालात अब बेहद सामान्य हैं

- कहा-सीमा विवाद का मिलकर हल निकालेंगे, ड्रैगन ने देपसांग-डेमचोक से सैनिक हटाने की मांग ठुकराई थी

**पेइचिंग (एजेंसी)।** चीन ने दावा किया है कि एलएसी बॉर्डर पर भारत के साथ फिलहाल स्थिति सामान्य हैं। चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल झांग शियाओगांग ने कहा- 19 फरवरी को दोनों देशों के बीच 21वें राउंड की कॉर्प्स कमांडर लेवल मीटिंग



हुई थी। इस दौरान भारत-चीन के बीच सकारात्मक बातचीत हुई। चीन ने कहा-दोनों देशों ने एलएसी को लेकर एक-दूसरे की चिंताओं को ध्यान में रखते हुए हल निकालने पर सहमति जताई। दरअसल, भारत ने कहा था की चुशुल-मोल्डो बॉर्डर पॉइंट पर 21वें राउंड की कॉर्प्स कमांडर-लेवल बैठक में चीन ने देपसांग और डेमचोक के ट्रैक जंक्शन से सेना हटाने की भारत की मांग को ठुकरा दिया। तनाव कम करने को लेकर कोई ठोस फैसला नहीं हुआ।

# बंगाल में कुछ बड़ा होने जा रहा! बड़ी है तैयारी

### चुनावी तारीखों के ऐलान से पहले 100 सैन्य टुकड़ियां तैनात, सियासी हलचल तेज

**कोलकाता (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले ही पश्चिम बंगाल में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती शुरू हो गई है। मार्च के पहले हफ्ते में सीएपीएफ की करीब 150 टुकड़ियां राज्य में तैनात हो सकती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 100 कंपनियां आज यानी 1 मार्च को पहुंच रही हैं। इसके अलावा, 50 और सैन्य टुकड़ियां 7 मार्च को पहुंने वाली हैं। पोल पैनल के एक अधिकारी ने कहा, पश्चिम बंगाल में केंद्रीय बलों की तैनाती शुरू हो चुकी है। वे अभी से अलग-अलग इलाकों में विश्वास बहाली के कदम उठाएंगे। आने वाले दिनों में और भी जवान यहां आने वाले हैं। बंगाल के हर एक जिले में 3-7 सैन्य टुकड़ियों की तैनाती होगी। कोलकाता में करीब 10 कंपनियां



तैनात हो सकती हैं। सीनियर अधिकारी ने बताया कि बशीरहाट में 5 टुकड़ियां तैनात की जाएंगी। संदेशखाली बशीरहाट जिले में ही आता है, जहां यौन उत्पीड़न और भूमि हड़पने के आरोपों को लेकर राजनीति गरमाई हुई है। कई स्थानीय टीएमसी नेताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए हैं। बताया जा रहा है कि 6 कंपनियां पूर्वी मिदनापुर में तैनात की जाएंगी, जिसे भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी का गढ़ माना जाता है। ममता बनर्जी 2021 के विधानसभा चुनाव में पूर्वी मिदनापुर के नंदीग्राम में अधिकारी से हार गई थीं। सीनियर अधिकारी ने बताया कि मालदा और पूर्वी मिदनापुर में 7-7 सैन्य टुकड़ियां तैनात होंगी। आसनसोल-दुर्गापुर में 6, बशीरहाट-पश्चिमी मिदनापुर में 5 और पुरुलिया, बांकुरा व बीरभूम को 4 कंपनियों को तैनात किया जाएगा। चुनाव आयोग ने अभी तक चुनावों की तारीखों की घोषणा नहीं की है। इससे पहले ही केंद्रीय बलों की तैनाती से राज्य में राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने दी एमसीडी को भंग करने की चेतावनी

### कर्मचारियों के बकाए वेतन-पेंशन से जुड़ा है मामला, एएपी को झटका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एमसीडी कर्मचारियों के बकाए वेतन और पेंशन मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने सख्त चेतावनी दी है। कोर्ट ने कहा कि चार हफ्तों में सैलरी का भुगतान नहीं हुआ तो हम केंद्र को कहेंगे कि वो इसे भंग कर दे। दिल्ली उच्च न्यायालय ने एमसीडी को डिसॉल्व करने की चेतावनी दी है। हाईकोर्ट ने सेवारत कर्मचारियों के वेतन और पूर्व कर्मचारियों की पेंशन और बकाये का भुगतान करने में विफल रहने पर दिल्ली नगर निगम को फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा, कर्मचारियों का वेतन-पेंशन उन्हें मिलना चाहिए। अगर दिल्ली नगर निगम इसमें विफल रहती है तो डिसॉल्व करने पर विचार कर सकते हैं। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि कर्मचारियों का मूल वेतन होता है। अगर एमसीडी इसका भुगतान करने में सफल नहीं हो रही है तो इसे भंग किया जा सकता है। कोर्ट ने चार हफ्ते का समय दिया है।

## तंबाकू कंपनी पर रेड 100 करोड़ की कारें मिलीं

### इसमें रोल्स-रॉयस, लैंबोर्गिनी और फेरारी; 5 करोड़ कैश, 100 करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ी गई

**कानपुर (एजेंसी)।** कानपुर में आयकर विभाग ने तंबाकू कंपनी बंशीधर एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के हेड ऑफिस पर छापा मारा। कंपनी के दिल्ली, मुंबई, गुजरात समेत 20 ठिकानों पर भी छापेमारी की गई है। 29 फरवरी को शुरू हुई छापेमारी का आज दूसरा दिन है। कंपनी मालिक केके मिश्रा की दिल्ली स्थित कोठी से 100 करोड़ से ज्यादा की कारें मिली हैं। इसमें 60 करोड़ से ज्यादा कीमत की लग्जरी कारें हैं। इनमें 16 करोड़ की रोल्स-रॉयस फैंटम कार, लैंबोर्गिनी, फेरारी, मॅकलारेन कारें शामिल हैं। छापेमारी में 100 करोड़ से ज्यादा की टैक्स चोरी सामने आई है इसके साथ ही 5 करोड़ रुपए कैश और करोड़ों की बेनामी संपत्ति के डॉक्यूमेंट्स भी मिले हैं। आयकर अफसरों ने बताया कि कंपनी कानपुर की टॉप गुटखा कंपनियों को तंबाकू सप्लाई करती है।

'न झुकेंगे, न हटेंगे'

# गरीबों के घर का चूल्हा जलता रहे, इसे लेकर मुफ्त अनाज की योजना को चालू रखेंगे

- **पीएम मोदी ने झारखंड में फूंका चुनावी बिगुल, बोले-जेएमएम का मतलब हो गया है-जमकर खाओ**

**धनबाद (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 'न झुकेंगे, न हटेंगे', गरीबों के घर का चूल्हा जलता रहे, इसे लेकर मुफ्त अनाज की योजना को चालू रखेंगे। पीएम मोदी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर शुक्रवार को धनबाद में चुनाव अभियान का शंखनाद कर रहे थे। बीजेपी की ओर से आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि झारखंड में तेज विकास के लिए जरूरी है कि यहां कानून व्यवस्था अच्छी हो, शासन-प्रशासन ईमानदार हो, लेकिन जब से जेएमएम और कांग्रेस की परिवारवदी, भ्रष्टाचारी और तुष्टिकरण वाली सरकार बनी है, तब से यहां स्थितियां बदली हैं। पीएम ने कहा- जेएमएम' का मतलब हो गया है- जमकर खाओ। पीएम मोदी



ने कहा कि बीजेपी का मकसद है, विकास, विकास और तेज विकास। जबकि कांग्रेस हो या उसके सहयोगी दल, वो विकास के सबसे बड़े दुश्मन है।

### झारखंड 'मोदी' की कई गारंटियों का गवाह रहा

पीएम मोदी ने कहा कि जहां दूसरे से उम्मीद खत्म हो जाती हैं, वहां से मोदी की गारंटी शुरू होती है। झारखंड के लोग मोदी की ऐसे कई गारंटियों के गवाह रहे हैं, जो बीते वर्ष में पूरी हुई। उन्होंने कहा कि देवघर में झारखंड के दूसरे एयरपोर्ट का शिलान्यास उन्होंने साल 2018 में किया। इसके बाद साल 2022 में लोकार्पण का अवसर भी उन्हें ही मिला। इसी तरह से सिंदरी हर्ल का शिलान्यास उन्होंने 2018 में किया और आज इसका लोकार्पण भी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि झारखंड देश के उन राज्यों में है, जहां रेलवे का शत-प्रतिशत बिजलीकरण हो चुका है।

## एआई से दुनिया के वैज्ञानिकों पर नजर रखेंगे जिनपिंग

### चीन बना रहा 'सुपरमाइंड', टेक्नोलॉजी का सुपरपावर बनेगा ड्रैगन!



**बीजिंग (एजेंसी)।** आज के समय दुनिया में एआई की बात चल रही है। एआई के मामले में दुनिया के देश प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। चीन अब एक नया एआई 'सुपरमाइंड' बना रहा है जो लाखों पश्चिमी वैज्ञानिकों पर नजर रखने में सक्षम होगा। चीन ऐसा इसलिए करेगा क्योंकी वह टेक्नोलॉजी में सबसे आगे निकलना चाहता है। चीन इसके लिए 22 करोड़ पाउंड का निवेश कर रहा है। शेन्जेन शहर सरकार की ओर से इसके विकास के लिए 22 करोड़ पाउंड से अधिक का निवेश किया जा रहा है। यह चीन को अब तक की सबसे अलग टेक्नोलॉजी के विकास में मदद करेगा। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पहले कसम खाई थी कि उनका देश विज्ञान और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में 2049 तक दुनिया में सबसे आगे निकल जाएगा। चीन का यह नया सुपरमाइंड दुनिया भर के लाखों वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं की गतिविधियों पर नजर रखने में सक्षम होगा। न्यूजवीक की रिपोर्ट के मुताबिक इससे वह चीन की मिलिट्री और इंडस्ट्रियल प्रगति के लिए महत्वपूर्ण टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने में सक्षम होगा।

## अब सोनिया की विरासत संभालेंगी प्रियंका गांधी!

### रायबरेली सीट पर पोस्टर बता रहे कांग्रेस की तैयारी

**रायबरेली (एजेंसी)।** कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी अब राजस्थान से राज्यसभा का रुख कर चुकी हैं। इसके बाद से ही रायबरेली सीट को लेक अब पोस्टरबाजी का दौर भी शुरू हो गया है। हालांकि, अब तक कांग्रेस ने पत्ते नहीं खोले हैं, लेकिन अटकलें तेज हैं कि राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा इस गढ़ से चुनावी डेब्यू कर सकती हैं। पार्टी ने अब तक यहां उम्मीदवार के नाम का ऐलान नहीं किया है। वहीं, अमेठी सीट को लेकर भी स्थिति साफ नहीं है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उत्तर प्रदेश की इस हाईप्रोफाइल सीट पर कई जगह प्रियंका गांधी के समर्थन में पोस्टर लगाए गए हैं। इनमें से एक पोस्टर पर पढ़ा जा सकता है, रायबरेली की यही पुकार प्रियंका गांधी जी अबकी बार। खास बात है कि आजादी के बाद से ही रायबरेली कांग्रेस का गढ़ रहा है। 2019 में यहां से सोनिया गांधी ने जीत दर्ज की थी। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय बताते हैं, रायबरेली की जनता का कांग्रेस और गांधी परिवार के साथ लगाव को यह पोस्टर दिखाता है।

इस बात में कोई शक नहीं है कि कैडर और पार्टी कार्यकर्ताओं की



भावनाएं भी इसी तरह की हैं। अगर हमारी नेता यहां से लड़ने का फैसला करती हैं, तो हम उनके साथ खड़े हैं। खास बात है कि राजस्थान से राज्यसभा का रुख करने के बाद सोनिया ने रायबरेली की जनता के नाम एक पत्र भी लिखा था। इस पत्र के जरिए उन्होंने संकेत दिए थे कि यहां से गांधी परिवार का ही कोई सदस्य उतर सकता है।

## हिमाचल कांग्रेस में फिर से नया सियासी 'खेल'

### मंत्री विक्रमादित्य अचानक चंडीगढ़ पहुंचे, बागी विधायकों से मिले, दिल्ली रवाना होंगे

**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल में कांग्रेस सरकार का संकट थम नहीं रहा है। सूत्रों के मुताबिक मंत्री विक्रमादित्य की अभी सीएम सुखविंदर सुक्खू से नाराजगी दूर नहीं हुई है। गुरुवार रात को विक्रमादित्य कैबिनेट मीटिंग के बाद अचानक चंडीगढ़ पहुंच गए।

जहां उन्होंने एक बड़े होटल में बागी विधायकों से मुलाकात की है। इन विधायकों को कल ही स्पीकर कुलदीप पठानिया ने राज्यसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार को वोट देने पर विधानसभा से निष्कासित कर दिया था। हिमाचल कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि विक्रमादित्य सिंह अपने निजी काम से गए हैं। उनका ऑफिशियल टूर प्रोग्राम निकला है। वह जल्द वापस लौटेंगे। इसके साथ उन्होंने कहा कि जो छह विधायक निष्कासित हुए हैं, उनका क्या रोल रहेगा, यह हाईकमान तय करेगा। निष्कासित विधायक भी कांग्रेस के थे। इस निर्णय से वह भी आहत हुई हैं।

## भभुआ से आरजेडी विधायक भरत बिंद एनडीए में शामिल

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में महागठबंधन को फिर झटका लगा है। भभुआ से राजद विधायक भरत बिंद बीजेपी में शामिल हो गए हैं। बजट सत्र के आखिरी दिन भरत बिंद सत्ता पक्ष के खेमे में बैठे। सदन से बाहर निकलते ही भरत बिंद डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के चेंबर में चले गए। इधर, नवादा जिले हिसुआ से कांग्रेस विधायक नीतू सिंह का बड़ा बयान सामने आया है।



उन्होंने कहा कि बीजेपी यदि नवादा लोकसभा सीट से टिकट देती है तो मैं भी बीजेपी जॉइन कर सकती हूं। अभी नवादा से लोजपा से चंदन सिंह सांसद हैं। इससे पहले महागठबंधन के 6 विधायक पाला बदल चुके हैं। जिनमें राजद के 4 और कांग्रेस के 2 विधायक शामिल हैं। महागठबंधन के तीन विधायक बीजेपी में शामिल हो गए थे। इनमें कांग्रेस के दो और आरजेडी का एक विधायक हैं। इसके पहले 12 फरवरी को फ्लोर टेस्ट के दौरान भी आरजेडी के तीन विधायक एनडीए में शामिल हो गए थे। वहीं, राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने बीजेपी से ऑफर पर कहा है कि मैं टस से मस नहीं होने वाला। जो जा रहे हैं, उनके बारे में मुझे जानकारी नहीं है। पार्टी के नेता बताए कि ऐसे नेताओं को किसने टिकट दिया। किसके कहने पर टिकट दिया गया।

# कुकी के साथ नो अटैक समझौता खत्म करने का प्रस्ताव

### पूरे मणिपुर में अफ्सपा लागू करने की तैयारी, 6 जिलों ने सेना मांगी

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर पुलिस कमांडोज के हथियार सरेंडर करने के बाद राज्य में हालात फिर तनावपूर्ण हो गए हैं। सीएम के साथ बैठक में 6 हिंसाग्रस्त जिलों के कलेक्टरों ने शांति बनाने के लिए असम राइफल्स और सेना की मांग की है। इनमें पहाड़ी जिलों थाउबाल, कांगपोकपी, चूराचांदपुर, बिष्णुपुर, टेंग्नोपोल शामिल हैं। प्रशासन की मांग है कि यहां 5 मार्च तक सेना को तैनात किया जाए। दूसरी ओर, गुरुवार को मणिपुर विधानसभा ने कुकी उग्रवादियों के साथ जारी सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशन समझौता रद्द करने का प्रस्ताव पारित कर केंद्र को भेज दिया है। इसके तहत सुरक्षा बल और उग्रवादी संगठन एक-दूसरे पर हमले नहीं करते थे, लेकिन अब सुरक्षा बल हमले का



जवाब दे सकेंगे। हालांकि, केंद्र अभी भी कुकी संगठनों से बातचीत कर रहा है। इंफाल वैली और आसपास के इलाकों में बीते कुछ दिनों में हालात बिगड़े हैं।

ये इलाके उन 19 थाना क्षेत्रों में आते हैं, जहां सशस्त्र बल विशेषाधिकार कानून (अफ्सपा) लागू नहीं है। बाकी पहाड़ी जिलों में यह कानून लागू है। इससे सुरक्षा बलों को सीधे कार्रवाई का हक मिल जाता है। जिन 19 थाना क्षेत्रों को अफ्सपा से अलग रखा गया है, उनमें इंफाल, लेंफेल, सिटी, सिंग्जमेई, सेकमई, लामसांग, पत्सोई, वांगोई, पोरोमपट, हेंगेंग, लामलाई, इरिलबुंग, लेमखोंग, थोबुल, बिष्णुपुर, नांबोल, मोइरोंग, काकचिंग और जिरिबम शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### किशोरी ने फांसी लगाकर किया सुसाइड :घर में अकेली थी, मां ने फंदे से झूलता हुआ देखा, इलाज के दौरान मौत



**मधेपुरा , एजेंसी।** मधेपुरा के जेएनकेटी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में गुरुवार को इलाज के दौरान एक किशोरी की मौत हो गई। उसने बुधवार की शाम अपने घर में गले में फंदा लगाकर आत्महत्या की कोशिश की थी। परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। मामला घैलाढ़ ओपी क्षेत्र के रतनपुरा पंचायत के वार्ड तीन का है। मृतका की पहचान राधेश्याम राम की 16 वर्षीय पुत्री मनीषा कुमारी के रूप में हुई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है। मृतका की मां सीता देवी ने बताया कि बुधवार को वह टीकाकरण कार्य के लिए ईटहरी गई हुई थी। वहीं उनकी बेटी मनीषा टोले में ही अष्टयाम देखने गई हुई थी। जब वह देर शाम टीकाकरण से वापस लौटी तो देखा कि मनीषा घर में फांसी के फंदे से झूल रही है। शोर मचाने पर जुटे लोग उसे फंदे से उतारकर जननायक कर्पूरी ठाकुर मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां इलाज के दौरान गुरुवार को उनकी मौत हो गई। घैलाढ़ ओपी अध्यक्ष अवधेश प्रसाद ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। शव को पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चला है। आवेदन मिलने पर मामले की जांच पड़ताल की जाएगी।

### 73 साल के हुए नीतीश कुमार ; जन्मदिन पर मुख्यमंत्री योगी ने दी बधाई



**पटना, एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज 73 वर्ष के हो गए हैं। नीतीश के जन्मदिन पर उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने बधाई दी है। फेसबुक पर पोस्ट कर बधाई संदेश दिया है। सीएम योदी ने लिखा कि बिहार के माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई! माता जानकी से आपके लिए उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन की प्रार्थना है। पूरे प्रदेश में उनका जन्मदिन उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राज्य के तमाम वरिष्ठ मंत्री व एनडीए के नेता उन्हें बधाई देने पहुंचेंगे। नीतीश कुमार का जन्म 1 मार्च 1951 को नालंदा जिले के हरनौत (कल्याण बिगहा) में हुआ था। उनके पिता कविराज राम लखन वैद्य और स्वतंत्रता सेनानी थे।नीतीश कुमार ने 1972 में बिहार कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से विद्युत इंजीनियरिंग में स्नातक की पढ़ाई पूरी की। फिर कुछ समय बिहार राज्य बिजली बोर्ड में इंजीनियर के रूप में सेवा दी। बाद में राजनीति में आ गए। वे वर्ष 2000 में पहली बार मुख्यमंत्री बने। आपको बता दें इसी साल 28 जनवरी को नीतीश कुमार ने 9वीं बार सीएम पद की शपथ ली थी। और बिहार में उनके नेतृत्व में एनडीए की नई सरकार बनी। नीतीश के साथ बिहार बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा ने भी शपथ ली। 17 साल से ज्यादा वक्त से नीतीश कुमार बिहार के सीएम पद की जिम्मेदारी संभाले हुए हैं।

### खेत में बम फटने से युवक की कलाई उड़ी

**मुजफ्फरपुर/साहेबगंज , एजेंसी।** मुजफ्फरपुर-गोपालगंज सीमा स्थित गंडक दियारा में गुरुवार को खेत में बम फट गया, जिसमें एक युवक के बाएं हाथ की कलाई उड़ गयी। उसकी पहचान माधोपुर हजारी पंचायत के वार्ड सात के मोस्तकीम मियां के पुत्र नसीरुद्दीन अंसारी के रूप में की गयी है। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सीएचसी लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद एसकेएमसीएच रेफर कर दिया गया। वहां से भी चिकित्सकों ने देर शाम रेफर कर दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि युवक दियारा में अपने खेत में तोरी काटने गया था, जहां जंगली सूअर का शिकार करने के लिए खेत में बम रखा था। युवक द्वारा बम उठाने के साथ ही ब्लास्ट कर गया। आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग दहशत में आ गए। बम की आवाज सुनते हो माधोपुर हजारी दियारा और गांव में अफरातफरी मच गई।

# बिहार के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों का वेतन बंद



**पटना, एजेंसी।** शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी कुलपतियों और एक को छोड़ सभी कुलसचिवों तथा दो विश्वविद्यालयों को छोड़ सभी के परीक्षा नियंत्रक का वेतन बंद कर दिया है। 28 फरवरी को शिक्षा विभाग द्वारा बुलाई गई बैठक में शामिल नहीं होने पर इन पर कार्रवाई की गयी। राजभवन के मना करने पर वे बैठक में शामिल नहीं हुए थे। इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए विभाग ने सभी विश्वविद्यालयों के बैंक खातों के संचालन पर भी रोक लगा दी है। वहीं, सभी पदाधिकारियों से दो दिनों के अंदर स्पष्टीकरण मांगा गया है कि क्यों नहीं उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाये? विभाग द्वारा विश्वविद्यालयों में लंबित परीक्षाओं की समीक्षा के लिए 28 फरवरी को अपर मुख्य सचिव केके पाठक की अध्यक्षता में बैठक बुलायी गयी थी। इसमें सिर्फ मगध विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक और केएसडीएस दरभंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव व परीक्षा नियंत्रक पहुंचे थे।

इन तीनों पदाधिकारियों को छोड़ अन्य सभी विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव व परीक्षा नियंत्रकों का वेतन रोक दिया गया है। विभाग के सचिव बैद्यनाथ यादव ने गुरुवार को कुलपतियों, कुलसचिवों और परीक्षा नियंत्रकों को जारी पत्र में कहा है कि महत्वपूर्ण बैठक में अनुपस्थित नहीं रहना गंभीर विषय है।

जुलाई 2023 में हुई समीक्षा में पाया गया कि अधिकांश विश्वविद्यालयों में तीन-चार साल तक अकादमिक सत्र पीछे चल रहा है। इसके बाद विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 30 के तहत परीक्षाओं के संचालन के लिए अधिसूचना जारी की गयी। पर, समीक्षा में पता चला कि अधिसूचना का पालन अधिकतर विश्वविद्यालयों द्वारा नहीं किया जा रहा है। पीछे चल रहे अकादमिक सत्रों को अद्यतन करना तो दूर कुछ विश्वविद्यालय अद्यतन सत्र भी पिछड़ रहे हैं। इसी की समीक्षा के लिए 28 फरवरी को बैठक बुलायी गयी थी। पत्र में यह भी कहा गया है कि विश्वविद्यालय अधिनयिम की धारा 30 के तहत परीक्षा का समय पर संचालन का पूरा जिम्मा राज्य सरकार का है। इसके लिए परीक्षा कैलेंडर तय करने में राज्य सरकार पूरी तरह सक्षम है। परीक्षा संचालन में लगे कॉलेज, विश्वविद्यालय के कर्मी और पदाधिकारी भारतीय दंड विधान 1860 के तहत लोक सेवक माने जाते हैं। इतना महत्वपूर्ण दायित्व समय पर पूरा नहीं कर पा रहे हैं तो क्यों धारा 48 के तहत आपको आगे से कोई भी बजट नहीं प्रदान किया जाए। परीक्षा से संबंधित कोई भी कार्य करने से इनकार करने पर दंड का प्रावधान है। परीक्षा कार्यों में लापरवाही अथवा इसके निर्वहन में विफल रहने पर आईपीसी की धारा 166 और 166 ए के तहत कार्रवाई के भागी होंगे। जानबूझ कर लंबित परीक्षा से संबंधित जानकारी देने से बचने और इंकार करने पर क्यों नहीं आपलोगों के खिलाफ धारा 174, 175, 176, 179, 186 और 187 के तहत कानूनी कार्रवाई प्रारंभ की जाये।

### क्या है पूरा मामला?

मगध और पूर्णिया विश्वविद्यालय की ओर से राजभवन से विभाग की बैठक में भाग लेने के लिए अनुमति मांगी गयी थी। राजभवन ने 21 फरवरी को जारी पत्र में कहा कि विभाग की बैठक में भाग लेने के लिए कुलाधपति ने अनुमति नहीं दी है, जिसकी प्रति सभी विश्वविद्यालयों को भेजी गयी। इस पर विभाग ने 24 फरवरी को सभी विश्वविद्यालयों को पत्र लिखा कि 28 की बैठक में नहीं आने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई होगी।

### दो कट्टा, रिवाल्वर और 28 खोखा बरामद :बहन से छेड़खानी के बाद भाई ने लहराई थी पिस्टल



**कटिहार, एजेंसी।** 15 फरवरी को प्राणपुर थाना क्षेत्र के स्कूल परिसर में किशोरी के साथ छेड़खानी के बाद फिल्मी स्टाइल में बदला लेने पहुंचे भाई के पिस्टल लहराने के मामले में पुलिस को सफलता मिली है। इस घटना में शामिल नामजद गणेश चौधरी, मुकेश कुमार, सूरज कुमार महलदार उर्फ हप्पा और राजू कुमार पासवान को पुलिस ने अरेस्ट किया है।

**कट्टा, रिवाल्वर और खोखा बरामद :** पूछताछ के बाद पकड़े गए बदमाशों की निशानदेही पर पुलिस ने रेड की। छापेमारी के दौरान एक शख्स झोला लेकर भाग निकला। पुलिस ने जब पीछा किया तो बदमाश झोला फेंकर भाग निकला। केशवपुर जाने वाली पक्की सड़क के पास पुलिया के पास पुलिस ने झोला में रखें दो कट्टा, एक रिवाल्वर, 28 खोखा और एक प्लेट बरामद किया है। वहीं फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। सदर डीएसपी शशि शंकर कुमार ने बताया कि रोशना थाना क्षेत्र में मिनी गन फैक्ट्री के उद्भेदन के बाद इससे जुड़े सभी तथ्यों की जांच की जा रही है। इस कांड में संलिप्त अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## विदेश जाएंगे नीतीश कुमार? बिहार से सीएम ने पासपोर्ट का कराया रिन्यूअल, ब्रिटेन की करेंगे यात्रा



**पटना, एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जल्द ही विदेश दौरे पर जा सकते हैं। सूत्रों से मिली खबर के अनुसार मार्च के पहले सप्ताह में मुख्यमंत्री ब्रिटेन की यात्रा पर जाने वाले हैं। उनके साथ राज्यसभा सांसद संजय झा समेत कई अधिकारी भी विदेश जा सकते हैं। गुरुवार को पासपोर्ट अपडेट कराने के लिए नीतीश कुमार रीजनल पासपोर्ट ऑफिस पहुंचे और अपना डॉक्यूमेंट जमा करने के साथ आवश्यक प्रक्रिया पुरी की।

माना जा रहा है कि उनकी विदेश यात्रा 7 दिनों की होगी। वह ब्रिटेन दौरे पर जाने वाले हैं जहां साइंस सिटी में जाकर अवलोकन और अध्ययन करेंगे। यूके में आधुनिक तकनीक से साइंस सिटी का निर्माण हो रहा है। मुख्यमंत्री इसका जायजा लेंगे नीतीश कुमार के स्कॉटलैंड जाने की भी संभावना है। इससे पहले सीएम नीतीश ने बुधवार को पटना स्थित तारामंडल का उद्घाटन किया। पटना तारामंडल कुछ दिनों से बंद था। उसका जिर्णोद्धार कराया जा रहा था।

सूत्रों से मिले ही जानकारी के अनुसार मार्च महीने के पहले हफ्ते में मुख्यमंत्री का यह दौरा होगा। संभवत 2 मार्च को नीतीश कुमार विदेश के लिए रवाना होंगे और 8 मार्च को वापस लौटेंगे। इस दौरान पासपोर्ट की वैध समय सीमा कोई बाधा नहीं पड़े। इसके लिए मुख्यमंत्री ने रीजनल पासपोर्ट ऑफिस जाकर अपने पासपोर्ट का रिन्यूअल करवाया। सूत्रों से अभी जानकारी मिली है कि मुख्यमंत्री के साथ उनके खासम खास संजय झा, सीएम के प्रधान सचिव दीपक कुमार और भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि भी विदेश दौरे पर जा सकते हैं। विदेश जाने के कारण नीतीश कुमार 2 मार्च को पीएम नरेंद्र मोदी का मंच शेयर नहीं कर पाएंगे। नरेंद्र मोदी भी 2 मार्च को बिहार दौरे पर आने वाले हैं। उस कार्यक्रम में पीएम मोदी के साथ नीतीश कुमार को भी शामिल होना था। पीएम औरंगाबाद और बेगूसराय में जनसभा को संबोधित करने वाले हैं। बिहार में एनडीए की सरकार बनने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी पहली बार बिहार आने वाले हैं। इस दौरे के साथ बीजेपी बिहार में लोकसभा चुनाव का शंखनाद करने वाली है।

## 2-4 मार्च के बीच 26 जिलों में बारिश की संभावना: उत्तर पछुआ हवा का दिख रहा है असर

**पटना, एजेंसी।** बिहार से अब ठंड की विदा हो चुका है। मौसम विभाग के अनुसार आज यानी 1 मार्च से 31 मार्च तक प्री मानसून रहेगा। यानी गर्मी का मौसम शुरू हो जाएगा। वहीं पिछले 24 घंटे के दौरान 9.5 डिग्री सेल्सियस के साथ मोतिहारी और किशनगंज जिला सबसे ठंडा रहा। 29.5 डिग्री सेल्सियस के साथ बक्सर सबसे गर्म रहा। पटना समेत 26 जिलों में 2 से 4 मार्च के बीच एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश और वज्रपात होने की संभावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, पटना, गया, नालंदा, नवादा, जहानाबाद, लखीसराय, बेगूसराय, शेखपुरा, बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभुआ, आरंगाबाद, अरवल, सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, वैशाली, शिवहर, समस्तीपुर, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीवान, सारण, गोपालगंज जिलों में बारिश होने की संभावना है।

### अभी हल्की ठंड का होगा एहसास

मौसम विभाग के अनुसार बिहार में उत्तर पछुआ हवा का प्रभाव जारी है। उत्तर पूर्व बिहार में एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन मौजूद है, जिसके कारण से अभी सुबह और शाम हल्की ठंड का एहसास होगा। वहीं इन दोनों सिस्टम के होने से मौसम विभाग ने 2 से 4 मार्च के बीच बारिश होने की संभावना भी जताई है।



### क्या बोले मौसम वैज्ञानिक

पटना मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एसके पटेल ने बताया कि 5 मार्च को एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ आने वाला है। अगले 5 दिनों में तापमान में कोई खास बदलाव होने की संभावना नहीं है। इस बार ठंड में 29 फीसदी बारिश की कमी दर्ज की गई है। मार्च के पहले सप्ताह में भी बारिश होने की उम्मीद है।

### शिविर में 188 व्यवसायियों ने जमा किया पेशा कर

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** उत्तर बिहार वाणिज्य एवं उद्योग परिषद सभाकक्ष में दो दिवसीय शिविर के अंतिम दिन 188 व्यवसायियों ने पेशा कर जमा कराया। परिषद के महामंत्री सज्जन शर्मा ने बताया कि व्यवसायियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परिषद के सहयोग से राज्य कर संयुक्त आयुक्त जिला कार्यालय के द्वारा परिषद के सभाकक्ष में दो दिवसीय शिविर लगाया गया था। इसमें आयुक्त कार्यालय के पदाधिकारी एवं उनके सहयोगियों के द्वारा व्यवसायियों का पेशा कर-प्रपत्र जमा कराया गया। परिषद के संयुक्त मंत्री राजीव केजड़ीवाल ने शिविर में व्यवसायियों का पेशा कर जमा करवाने में सहयोग किया।



### युवक को गोली मार किया घायल:दोस्तों के साथ तिलक समारोह में गया था

**आरा, एजेंसी।** भोजपुर जिले के सिन्हा थाना क्षेत्र के गजियापुर बांध पर गुरुवार की रात हथियारबंद बदमाशों ने तिलक समारोह से लौट रहे थे कि युवक को गोली मार दी। जख्मी युवक को गोली बाएं हाथ में कलाई और केहुनी के बीच लगी है। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद उसके साथ रहे दो साथियों ने उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जख्मी युवक बड़हरा थाना क्षेत्र के फुहां गांव निवासी स्व.बाला सिंह का 21 वर्षीय पुत्र विकास कुमार सिंह है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई। विकास कुमार सिंह ने बताया कि वह अपने दो दोस्तों के साथ बाइक से अपने पड़ोसी माझी सिंह की बेटी तिलक में शामिल होने के लिए बड़हरा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव गया था।

**दोस्तों ने पहुंचाया सदर अस्पताल :** तिलक समारोह में शामिल होने के बाद जब वह तीनों दोस्त बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे और लौटने के क्रम में जैसे ही वे लोग गजियापुर बांध पर चढ़े। तभी सात की संख्या में हथियारबंद अपराधी हथियार लिए हुए खड़े थे। अपराधियों में से एक ने उन पर फायरिंग कर दी। हाथ में गोली लगी। दोस्तों ने इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया। दूसरी ओर जख्मी विकास कुमार सिंह ने उक्त अपराधियों पर लूटपाट करने की नीयत से उन पर गोली चलाने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

#### मामला संदिग्ध लग रहा है

पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति को हाथ में गोली लगी है। जिसका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। हालांकि मामला संदिग्ध लग रहा है। युवक लक्ष्मीपुर में एक तिलक कार्यक्रम में गया था और वहां से लौट रहा था तो बांध के रास्ते में सिंहा थाना के ग्राम गजियापुर में बांध पर चार-पांच लड़के खड़े थे। उन्होंने इन्हें रोका और जब यह नहीं रुके तो गोली चला दी। हाथ में गोली लगते हुए निकल गई।

### निगम की पेशकार शाखा के प्रभारी निलंबित

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** अवैध वसूली के आरोप में नगर निगम की पेशकार शाखा के प्रभारी संतोष कुमार को निलंबित कर दिया गया है। इस संबंध में गुरुवार को नगर आयुक्त नवीन कुमार ने आदेश जारी कर दिए। आरोपी कर्मी पर अतिक्रमण के एक मामले में फाइल को दबाने का आरोप है। साथ ही इसकी आड़ में मापी आदि रोकने को लेकर नजराना की भी वसूली की गई है। इसकी शिकायत मिलने के बाद हुई प्रारंभिक जांच में प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए जाने पर कार्रवाई की गई है। दूसरी ओर, पहले से निलंबित अमीन संजय कुमार को निलंबनमुक्त कर दिया गया है। साथ ही उनकी पोस्टिंग सिकंदरपुर पंप हाउस में की गई है।

### सड़क हादसे में वृद्ध महिला की मौत:बाजार से लौट रही थी घर, सड़क पार करने के दौरान ऑटो ने मारी टक्कर



**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर चांदी थाना क्षेत्र के चांदी पेट्रोल पंप के समीप सड़क हादसे में जख्मी महिला की मौत हो गई।इलाज के दौरान पीएमसीएच में गुरुवार को उन्होंने दम तोड़ दिया।मृतका चांदी थाना क्षेत्र के रूपचकिया गांव निवासी राम सुभक राय की 55 वर्षीय पत्नी उमा देवी है।बीते मंगलवार की देर शाम वह अपने घर से चांदी बाजार पर बन रहे नए मार्केट को देखने के लिए गई थी।घर जाने के लिए वह सड़क पार कर रही थी।तभी सकड्डी–नासरीगंज मार्ग पर चांदी थाना क्षेत्र में चांदी पेट्रोल पंप के समीप विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात ऑटो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

**स्थिति गंभीर होने पर पटना किया था रेफर :** प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया था।जिसके बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए पटना स्थित पीएमसीएच ले गए।जहां दो दिन चले इलाज के बाद उन्होंने दम तोड़ दिया।मृतका को सिर्फ दो पुत्री सविता और पुष्पा है।

# जाको राखे साइयां..., महिला के ऊपर से गुजर गयी पूरी ट्रेन, मौत छू भी नहीं पाई



**पटना, एजेंसी।** ऊपर वाला जब तक निश्चित नहीं कर दे तबतक मौत चाहकर भी इंसान को नहीं मार सकती। बिहार के अररिया से एक ऐसा ही मामला सामने आया है। बथनाहा स्थित रेलवे स्टेशन से एक चौका देने वाली घटना का वीडियो से सामने आया है जहां एक महिला के ऊपर पूरी मालगाड़ी गुजर गई लेकिन उसका बाल भी नहीं टूटा। कुछ देर तक महिला मालगाड़ी के नीचे रेलवे ट्रैक के बीच पड़ी रही और जैसे ही गाड़ी निकली कि आस पास मौजूद लोगों ने उसे उठा कर निकाल दिया। इसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। लाइव हिन्दुस्तान इसकी पुष्टि नहीं करता।

इतने करीब से मौत का सामना करने वाली महिला कुछ समय के लिए सदमे में आ गई। मौके पर मौजूद लोगों ने इस घटना का वीडियो बना लिया । घटना मंगलवार की बताई जा रही है। बताया जा रहा है बथनाहा स्टेशन यार्ड के ट्रैक 5 पर मालगाड़ी खड़ी थी। उसके नीचे से एक महिला जैसे हीं ट्रैक पार करने जा रही थी कि मालगाड़ी चल पड़ी। तब वहां मौजूद काम करने वाले मजदूर एवं कर्मियों की सलाह पर वह ट्रैक के बीच में लेट गई। इस तरह अपनी जान बचाने में महिला सफल रही। वीडियो में ट्रैक पर लेटी दिख रही महिला स्टेशन चौक निवासी स्व लक्ष्मी मिश्रा की पत्नी कनकलता देवी बताई गई है। बताया जा रहा है कि जैसे ही वह ट्रैक पार करने वाली थी कि मालगाड़ी आ गई। मालगाड़ी को देख महिला घबरा गई, जैसे ही मालगाड़ी महिला के ऊपर से गुजरने लगी कि मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने महिला को ट्रैक पर लेट जाने एवं हिलने डुलने से मना किया। घटना का जो वीडियो सामने आया है उसमें साफ नजर आ रहा है कि महिला ट्रैक के बीचों बीच पड़ी थी और उसके ऊपर से मालगाड़ी गुजर रही थी। आसपास मौजूद लोग उसे हिलने डुलने से लगातार मना करते रहे। वहां मौजूद लोग महिला को मानसिक रूप से बीमार भी बता रहे थे। बताया जा रहा है कि अभी कुछ दिन पहले ही महिला के एक पुत्र एवं देवर की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई थी । घटना को लेकर रेल कर्मी भी सकते में है । स्टेशन अधीक्षक राहुल कुमार ने कहा कि स्टेशन पर फूट ओवर ब्रिज के रहते भी लोग अपनी जान को जोखिम में डाल कर ट्रैक पार करने से बाज नहीं आ रहे। जबकि ट्रैक पार करने वाले सभी लोगों को पता है कि इस प्रकार ट्रैक पार करना जोखिम से भरा है। इसमें उनकी जान भी जा सकती है। इधर स्थानीय लोगों की मानें तो बथनाहा स्टेशन काफी विकास कर चुका है। यहां लगातार गाड़ियों का आगमन होता रहता है। बावजूद इसके स्टेशन एवं यार्ड की घेरा बंदी अब तक नहीं की जा सकी है। स्टेशन के दोनों ओर घेराबंदी नहीं होने से आस पास के लोग जान जोखिम में डालकर फुटओवर ब्रिज के बजाए ट्रैक पार करते हैं। जिससे हमेशा खतरा बना रहता है। वीडियो में ट्रैक पर लेटी दिख रही महिला स्टेशन चौक निवासी स्व लक्ष्मी मिश्रा की पत्नी कनकलता देवी बताई गई है। बताया जा रहा है कि जैसे ही वह ट्रैक पार करने वाली थी कि मालगाड़ी आ गई। मालगाड़ी को देख महिला घबरा गई, जैसे ही मालगाड़ी महिला के ऊपर से गुजरने लगी कि मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने महिला को ट्रैक पर लेट जाने एवं हिलने डुलने से मना किया। घटना का जो वीडियो सामने आया है उसमें साफ नजर आ रहा है कि महिला ट्रैक के बीचों बीच पड़ी थी और उसके ऊपर से मालगाड़ी गुजर रही थी। आसपास मौजूद लोग उसे हिलने डुलने से लगातार मना करते रहे। वहां मौजूद लोग महिला को मानसिक रूप से बीमार भी बता रहे थे। बताया जा रहा है कि अभी कुछ दिन पहले ही महिला के एक पुत्र एवं देवर की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई थी । घटना को लेकर रेल कर्मी भी सकते में है । स्टेशन अधीक्षक राहुल कुमार ने कहा कि स्टेशन पर फूट ओवर ब्रिज के रहते भी लोग अपनी जान को जोखिम में डाल कर ट्रैक पार करने से बाज नहीं आ रहे। जबकि ट्रैक पार करने वाले सभी लोगों को पता है कि इस प्रकार ट्रैक पार करना जोखिम से भरा है। इसमें उनकी जान भी जा सकती है।

इधर स्थानीय लोगों की मानें तो बथनाहा स्टेशन काफी विकास कर चुका है। यहां लगातार गाड़ियों का आगमन होता रहता है। बावजूद इसके स्टेशन एवं यार्ड की घेरा बंदी अब तक नहीं की जा सकी है। स्टेशन के दोनों ओर घेराबंदी नहीं होने से आस पास के लोग जान जोखिम में डालकर फुटओवर ब्रिज के बजाए ट्रैक पार करते हैं। जिससे हमेशा खतरा बना रहता है।

## संक्षिप्त समाचार

### बगहा नगर परिषद में आम जनता की राय से बनाया जाएगा बजट

**बगहा नगर परिषद ने नयी पहल करते हुये लोगों के सुझाव माँगा है कि कैसे तैयार किया जाय नगर का बजट**

**चाणक्य भूमि बेतिया।** बगहा नगर पारिषद के विकास को लेकर नगर प्रशासन की ओर से बजट तैयार किया जा रहा है। बजट में आम लोगों की सहभागिता हो इसको लेकर नगर प्रशासन की ओर से आम लोगों से बजट पर सुझाव मांगा गया है। नगर के लोगों एक सप्ताह के अंदर अपना सुझाव नगर प्रशासन को दे सकते हैं। अगर उनका सुझाव बेहतर हुआ तो उसे आगामी नगर के बजट सत्र के दौरान बजट में शामिल किया जाएगा। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि नगर के विकास को लेकर नगर प्रशासन की ओर से बजट तैयार किया जा रहा है। नगर के सर्वांगीण विकास को लेकर तैयार हो रही इस बजट की में आम लोगों से राय मांगा जा रहा है। गौरतलब हो कि इससे पूर्व नगर के विकास को लेकर तैयार बजट में आम लोगों की राय नहीं ली जाती थी। लेकिन इस बार नगर प्रशासन की ओर से बजट में आम की सहभागिता तय की जा रही है। नगर प्रशासन की इस पहल से आम लोगों में विकास की उम्मीद की आस जगी है।

### शिक्षक ने शिष्या का किया अपहरण

**नाटकीय ढंग से शिष्या पहुंची थाना**

**चाणक्य भूमि(कनकलता)। बेतिया।** थाना क्षेत्र के एक गांव से अपहृत 20 वर्षीय लड़की को मझौलिया पुलिस ने 164 के बयान के बाद परिजनों को सौंपा। किशोरी राजकीय प्राथमिक विद्यालय अहवर शेख तिवारी टोला के 40 वर्षीय शिक्षक अरुण प्रसाद के साथ फरवरी माह में गायब हो गई थी। इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अखिलेश मिश्र ने बताया कि लड़की के पिता विपिन दास के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।आरोपी शिक्षक की धर पकड़ के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है।आरोपी शिक्षक घर छोड़कर कर फरार फरार हो गया है।शुक्रवार को लड़की स्वयं थाना में हाजिर हुई।

### प्रेम विवाह रचाने पर भाई ने भाई को पीटावीडियो वायरल

**चाणक्य भूमि,बेतिया,बेतिया।** शुक्रवार को दो सहोदर भाइयो में मारपीट हुई ,जिसका वीडियो सोसल मीडिया पर वायरल हो गया है। आवेदन पर मझौलिया पुलिस ने करीब आधा दर्जन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की है।इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि दोनों भाईयों के आवेदन के आलोक प्राथमिकी दर्ज करबअग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।पिता का नाम हरिलाल साह है।घटना गुरचुरवा वार्ड नंबर 09 की हैं।बताया जाता है कि हीरालाल साह का दूसरा पुत्र अभिजीत कुमार साह वर्ष 2014 में गांव के ही एक लड़की से प्रेम प्रसंग में अंतर्जातीय विवाह किया । तब से परिवार को लेकर बाहर रह रहा था।उसके बड़े भाई अजीत कुमार उर्फ सोनू कुमार की शादी 26 फरवरी को हुआ ।उसी शादी को लेकर छोटा भाई अभिजीत कुमार उर्फ गोलू कुमार शादी के बाद जब घर आया तोउसका भाई सोनू कुमार बीच सड़क पर पीटने लगा जिसका वीडियो सोसल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

### डीएम व एसपी ने किया 13 मामलों का निष्पादन

**छपरा।** सारण जिलाधिकारी अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ॰ गौरव मंगला द्वारा संयुक्त रूप से कुल 13 आवेदकों से प्राप्त भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों की सुनवाई शिकायतकर्त्ता की उपस्थिति में की गई। 08 आवेदकों की उपस्थिति में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित अंचलाधिकारियों एवम् थानाध्यक्षों के साथ भूमि विवाद से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई तथा सभी मामलों को निष्पादित किया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्त्ता भी मौजूद थे।

### सारण तटबंध का होगा चौड़ीकरण एवं कालीकरण

**छपरा।** मकेर प्रखंड स्थित रेवाघाट पुल से लेकर गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थानांतर्गत बंगराघाट पुल के बीच सारण तटबंध के दिन अब बहुरने वाले हैं। इसके चौड़ीकरण एवं कालीकरण को लेकर शुक्रवार को तरैया विधायक सह बिहार विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के उप मुख्य सचेतक जनक सिंह ने मांग रखी। सदन में बोलते हुए उन्होंने कहा यह मार्ग जिले के तरैया विधानसभा के लाखों लोगों का आवागमन से जुड़ा हुआ है। तटबंध की जर्जर स्थिति के कारण लोगो को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विधायक श्री सिंह के प्रश्न पर जल संसाधन मंत्री ने विधायक को आश्वासन दिया कि एक माह के अंदर इसका डीपीआरओ तैयार कर विभाग को सुपुर्द करें। अविलंब इस मार्ग का जीर्णोद्धार कार्य शुरू कर दिया जाएगा। विधायक की इस मांग पर तरैया विधानसभा के लोगो के बीच हर्ष व्याप्त है।विधानसभा के लोगो ने बताया कि सारण तटबंध के चौड़ीकरण एवं कालीकरण से तरैया विधानसभा के अलावे अमनौर एवं गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर के लोगो को सहूलियत होगी।

### 173 लीटर विदेशी36लीटर देशी शराब की बड़ी खेप कदवा पुलिस ने किया बरामद

**कटिहार।** कदवा थाना क्षेत्र के निगम चौक के समीप मुख्य सड़क से 173.64 लीटर विदेशी शराब के साथ एक वैगनार कार को पुलिस बरामद किया है। वहीं अंधेरे का फायदा उठाकर कार चालक भागने मे सफल रहा।वहीं कुम्हड़ी व संझेली ग्राम से 36 लीटर देशी शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेज दिया गया। बताया जाता है कि रात्रि गस्ती के दौरान थानाक्षेत्र अंतर्गत निगम चौक के समीप पुलिस गस्ती गारी देख कार चालक कार लगाकर भागते देख पुलिस द्वारा कार के समक्ष पहुंच जब कार की तलासी ली तो कार मे शराब देखे गए इसकी सूचना वरिय अधिकारी को देते हुए कार जप्त कर थाना लाया जहां कार से 176.64 लीटर विदेशी शराब को जप्त किया गया। थानाध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया कि तीन देशी शराब विक्रेता को देशी शराब के गिरफ्तार किया गया है।एवं निगम चौक से एक कार से 173.46 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई है मध निषेध अधिनियम के तहत कारवाई की गई है।

### दुकानदार को मारपीट कर डेढ़ लाख लूटने की शिकायत

**छपरा।** पानापुर प्रखंड मुख्यालय स्थित एक इलेक्ट्रिक दुकानदार के साथ मारपीट किए जाने एवं दुकान के गल्ले से लूटपाट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पीड़ित दुकानदार फकुली गांव निवासी आकाश कुमार सिंह ने स्थानीय थाने में धेनुकी गांव निवासी राजू कुमार सिंह, रवि कुमार सिंह, छोटू कुमार सिंह, मुकेश कुमार सिंह, विनय महतो सहित तीन अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में उन्होंने आरोप लगाया है कि लाठी डंडे एवं हथियारों से लैस होकर सभी लोग मेरे दुकान पर पहुँचे एवं मेरे साथ मारपीट किए, साथ ही गले से अस्सी हजार मूल्य के सोने की सिकड़ी एवं काउंटर से डेढ़ लाख रुपये लूट लिए। थानाध्यक्ष विश्वमोहन राम ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### किशोरावस्था में आये बदलाव की दी गई जानकारी

**नारदीगंज।** प्रखंड के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय हंडिया में शुक्रवार को किशोरावस्था में आये बदलाव विषय पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। अध्यक्षता प्राचार्य मनोज कुमार झा ने की।आयोजित कार्यक्रम में सीएचसी नारदीगंज में कार्यरत डा0 नीरज भारती ने किशोरावस्था में आये बदलाव के बारे में बच्चों को जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि किशोरावस्था में किस प्रकार बच्चों के शारीरिक और मानसिक परिवर्तन होते हैं, इसके साथ ही सही वृद्धि के लिए पौष्टिक आहार लेने की जानकारी साझा की,साथ ही पौष्टिक आहार के महत्व को भी बताया। इस कार्यक्रम में नव्या कुमारी, अस्मिता मनीषा ,गोलू समेत अन्य छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया । कार्यक्रम के उपरांत उन्हें पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर विद्यालय की शिक्षिका रजनी कुमारी ,सोनम कुमारी व नेहा कुमारी उपस्थित थे।

**मोहम्मद पैगंबर साहब के पद चिन्हो पर चलने का दी गई सलाह**

# गौनाहा के हौदा -डुमरा मे हो रहा है तीन दिवसीय इस्तमा का आयोजन

**चाणक्यभूमि। बेतिया**



गौनाहा प्रखण्ड अंतगर्त्त जिला स्तरीय इज्तेमा का तीन दिवसीय जलसे का शुभारंभ शुक्रवार को मेहनौल पंचायत के हौदा -डुमरा गांव के समीप द्वादह नदी के किनारे शुरू की गई। भव्य इस्तमा के आयोजन में जिला के कोने-कोने से मुस्लिम धर्म के लोग तकरीर सुनने के लिए इकट्ठा हो रहे हैं। शुक्रवार को जुम्मे की नमाज के बाद तकरीर का आयोजन किया गया। तकरीर सुनाने आए विद्वान मौलवी बिहार शरीफ के मोहम्मद शमशेर, यूपी के हटा निवासी मौलाना शमीम व मौलाना हाशिम, धनबाद के मोहम्मद महताब, पश्चिम चंपारण के मौलाना शोएब, नरकटियागंज के मुफ्ती बद्दीउजामा तथा बेतिया से आए मोहम्मद नौशाद ने तकरीर के माध्यम से लोगों को बताया कि मोहम्मद पैगंबर साहब के पद चिन्हो पर चलकर पूरी दुनिया को एक नेक इंसान बनाने की आवश्यकता है। उनका कहना था कि मुसलमानों को समझदार, नेक, निस्वार्थ भाव से जीवन व्यतीत करने के लिए नेक इंसान बनने की आवश्यकता है। तथा इंसानियत के भले के लिए अच्छी सोच रखें। विद्वान मौलवी मोहम्मद नौशाद ने तकरीर के माध्यम से लोगों को बताया कि शुक्रवार को असर के नमाज के बाद तकरीर शुरू की गई। पुनः मगरीर की नमाज के बाद तकरीर शुरू की जाएगी तथा एसा के नमाज के बाद भोजन के उपरांत रात्रि विश्राम की जाएगी। ऐसे ही शनिवार को चार वक्त के नमाज के बाद तकरीर कर लोगों को नेक व ईमानदार इंसान बनने की सलाह दी जाएगी। जलसे के अंतिम दिन सुबह की नमाज के बाद सुबह 8 बजे दुआ के साथ इस्तमा की समाप्ति होगी। समाप्ति के उपरांत दूर-दूर से आए लोग जमातो में बंटकर इस्तमा का संदेश गांव-गांव में पहुंचाएंगे ताकि मोहम्मद पैगंबर के बताए रास्ते पर लोग चल सके। जलसे मे स्वच्छता को देखते हुए सभी दिशाओं में सैकड़ो मुत्रालय तथा शौचालय बनाए गए हैं। नमाज के पहले वजु बनाने के लिए जगह-जगह पाइप व नाला बनाए गए हैं। ताकि लोग वजु बना सके। इस्तमा में उपस्थित लोगों के भोजन व नाश्ते के लिए रियायती दर पर 40 होटल लोगों के सौजन्य से खोले गए हैं। जहाँ 20 रुपया मे भरपेट भोजन, 10 रुपया मे नास्ता व 5 रूपये मे पानी का बोतल मिल रहा है। जगह जगह स्वास्थ्य सेवा के लिए मेडिकल कैंप लगाए गए हैं। जहाँ लोगो के स्वास्थ्य की जाँच कर मुफ्त दवा उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस्तमा का आयोजन जन सहयोग के माध्यम से किया गया है। जलसे में लोगों को पहुंचाने के लिए जगह-जगह सवारी की व्यवस्था की गई है। जलसे में लोगो को पहुंचाने के लिए सवारी की व्यवस्था की गई है। जलसे मे पहुँचने वाले सभी रास्ते में लोगों को मुफ्त पानी व शरबत पिलाई जा रही है। बीडीओ शिव जन्म राम, सीओ विवेक कुमार सिंह, आरओ दीपक कुमार राम, मटियरिया थानाध्यक्ष अमित कुमार तथा नरकटियागंज के क्युआरटी के जवान उपस्थित थे। स्थानीय मेहनौल पंचायत के पूर्व मुखिया जब्बार अहमद,समाज सेवी दिलशाद आलम , शिक्षक सह समाज सेवी मकबूल आलम सहित सैकड़ो युवक इस्तमा स्थल पर लोगों के सहयोग के लिए उपस्थित रह रहे हैं।

# डीएम ने किया लोक शिकायत के 11 मामलों की सुनवाई, निवारण हेतु दिया निर्देश

**बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम- 2015 का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता**



**चाणक्यभूमि। छपरा**

जिलाधिकारी अमन समीर के द्वारा शुक्रवार को कार्यालय कक्ष से बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत द्वितीय अपील में शिकायतों की सुनवाई की गई तथा निवारण हेतु संबंधित लोक प्राधिकार को आवश्यक निदेश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा लोक शिकायत के कुल 11 मामलों की सुनवाई की गई, जिसमें 07 मामलों पर अंतिम रूप से आदेश पारित किया गया तथा शेष 04 मामलों में पूर्ण प्रतिवेदन के साथ अगली तिथि पर लोक प्राधिकार को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया।

जिला पदाधिकारी अमन समीर ने कहा कि लोक शिकायतों का ससमय तथा गुणवत्तापूर्ण निवारण अत्यावश्यक है। लोक प्राधिकारों को तत्परता प्रदर्शित करनी होगी।

उन्होंने कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारी इसके लिए सजग, संवेदनशील तथा सक्रिय रहें।

# डीसीएलआर ने सेक्टर पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**चाणक्यभूमि। छपरा**



पानापुर प्रखंड कार्यालय में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शुक्रवार को डीसीएलआर सह तरैया विधानसभा के सहायक निर्वाची पदाधिकारी प्रेमलता कुमारी ने सेक्टर पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी सेक्टर पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर इन मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने की दिशा में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर पेयजल, विद्युत व्यवस्था, शौचालयों एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से संपर्क कर अविलंब दुरुस्त कराएं। वही बैठक में उपस्थित थानाध्यक्ष से उन्होंने कहा कि प्रखंड के 94 मतदान केंद्रों को सामान्य, संवेदनशील एवं अति संवेदनशील के रूप में वर्गीकृत कर चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के अभियान में जुट जाएं। बैठक में बीडीओ राकेश रौशन, सीओ महम्मद जमशेद, थानाध्यक्ष विश्वमोहन राम सहित सभी सेक्टर पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जदयू से निष्कासित निरंजन सिंह ने जिलाध्यक्ष के खिलाफ खोला मोर्चा

**चाणक्यभूमि। छपरा**



सारण जिला जदयू के अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू द्वारा जिला महासचिव को पद एवम पार्टी से निकाले जाने से आहत निरंजन सिंह ने जिलाध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान श्री सिंह ने कहा कि उन्होंने वर्ष 1998 से समता पार्टी में शामिल होकर अपना राजनीतिक सफर शुरू किया। तब से अबतक वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सच्चे सिपाही की तरह पार्टी हित में काम करते रहे हैं। वे दल छोड़कर कहीं नही जाएंगे। उन्होंने कहा कि उनके ऊपर जिलाध्यक्ष द्वारा लगाया गया आरोप पूरी तरह निराधार तथा दल के संविधान के खिलाफ है। किसी भी पार्टी से निष्कासित करने से पहले कारण पृच्छा की परिपाटी रही है जिसका पालन नही किया गया है। उन्होंने कहा कि वे पूर्व में दो बार जिला परिषद का चुनाव लड़ चुके हैं तथा हजारों मत देकर लोगों ने उनपर भरोसा भी जताया है। जिस फोटो को आधार बनाया गया है वह उनके पँचायत के पूर्व मुखिया विजय सिंह के दरवाजे का है जहां अन्य दल के नेताओं के साथ वे भी श्री सिंह के बुलावे पर यहां भोज में शामिल होने गए थे। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह वे इस मामले को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा तथा सीएम नीतीश कुमार से मिलकर उनके समक्ष रखेंगे। उन्होंने जिलाध्यक्ष पर कथित तौर पर अपने परिवार की जेबी पार्टी बनाने जैसे कई संगीन आरोप लगाया। मौके पर रणजीत सिंह, विश्वकर्मा महतो, संदीप कुमार, नीरज साहनी, बिंदु पाण्डेय, सत्येन्द्र भगत, शिव कुमार राम, रामाज्ञा सिंह, कुंदन सिंह, विकास सिंह तथा शिव कुमार राम समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

# गौनाहा थाना में मनाया गया पुलिस सप्ताह दिवस



**चाणक्यभूमि। बेतिया**

गौनाहा प्रखण्ड अंतगर्त्त वुधवार दिनाँक 28 फरवरी 2024 को संध्या में थानाध्यक्ष विनोद कुमार के द्वारा पुलिस सप्ताह दिवस मनाया गया।और थाना परिषर में एक सुंदर सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। जिसमें एस आई राजेश्वर महतो , गृजा प्रसाद, प्रेम प्रकाश प्रसाद ,रामचन्द्र मांझी , दुलार चन्द्र हाजरा, होमगार्ड जगदीश यादव ,लखराज यादव , कैलाश महतो , आर्मी मजहर आलम, ललन बैठा और थाना में पदस्थापित समस्त कर्मियों सहित लगभग एक सौ लोग इस सामुहिक भोज में शामिल हुए। थाना अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि जिला में पुलिस सप्ताह दिवस मनाया जा रहा है।इसी लिए हमारे थाना में भी उक्त लोगों को आमंत्रित कर इस भोज में शामिल किया गया। वही उपस्थित सभी लोगों ने इस सामान्य और प्रतिष्ठा के लिए थाना अध्यक्ष सहित समस्त पुलिस विभाग को आशीर्वाद और धन्यवाद भी दिए। मौके पर समाज सेवी दिलशाद आलम , रघुवंश मणि जयसवाल , डॉन जयसवाल , राजेश पाण्डेय नसीम आलम इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# वतन से मोहब्बत करना ईमान की पहचान है: असजद मदनी

**चाणक्यभूमि। भरगामा**





जिसके पास ईमान की ताकत है वो इंसान दुनिया की कोई ताकत के सामने नहीं झुकता है,वो सिर्फ खुदा के सामने अपना सर झुकाता है,उक्त बातें जमिअत ओलमा हिंद उत्तर प्रदेश के जेनरल सिक्रेट्री मौलाना हसन असजद मदनी ने भरगामा प्रखंड के वीरनगर बिषहरिया कर्बला मैदान में प्रखंड कमेटी भरगामा द्वारा आयोजित जलसा ए आम तालमी बेदारी व इस्लाहे मुआसरा के जलसा को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि जंग ए आजादी में जमिअत ओलमा हिंद ने जो कुर्बानी दिया दुसरी कोई भी तंजीम नहीं किया। भारत के विभाजन का सबसे ज्यादा बिरोध हमारे पुर्वजों ने किया था,जंग ए आजादी में मुसलमानों की कुर्बानी बे मिसाल रही है। जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। मौलाना असजद मदनी ने कहा कि वतन से मोहब्बत करना इमान में दाखिल है,आजादी में बड़ी कुर्बानी मुसलमानों की है,नफरत को बढ़ावा देने वाले कभी भी मुल्क का वफदार नहीं हो सकता है। जलसा का आगाज कलामे पाक की तिलावत से हुई। मंच का संचालन मौलाना अनवारुल हक नदवी हाजी अफजल ने संयुक्त रूप से किया।

जबकि अध्यक्षता हाफिज शहाबुद्दीन साहब ने किया व जमिअत ओलमा हिंद भरगामा के जेनरल सिक्रेट्री एस एम सलाउद्दीन ने इस्तकबालिया खोतबा पेश किया। जलसा को संबोधित करते हुए मुफ्ती तवारक हुसैन साहब ने कहा कि शादी विवाह में दहेज लेना देना दोनों हराम है,बारात,बैंड बाजा,डिजे बजाना हराम है,इस पर रोक तबही संभव है जब हर व्यक्ति अपने आप में सुधार करेगा। जलसा को काजी ए सरियत मौलाना तौव्वाफ साहब,मुफ्ती इनामुल बारी साहब,मुफ्ती नसीम,मौलाना खालिद नदवी लखनऊ,मुफ्ती शमसाद आदि ने किया। इस अवसर पर शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित प्रखर समाज सेवी असलम बेग ने कहा कि शिक्षा इंसान को जीने का तरीका सिखाता है,जलसा में डॉ. अली हैदर नैयर,कामिल अख्तर साहब, मुख्य रूप से उपस्थित थे। जलसा को कामयाब बनाने में प्रोफेसर जशीम उद्दीन,मास्टर एजाज़,इमतियाजुल हक़,हाफिज अब्दुल रकीब,मौलाना हाजी महि उद्दीन,मो. तारिक,कैसर सिक्रेट्री,मास्टर नैयर,तौकीर आलम,जुलफेकार,हाजी जुनेद,मास्टर समसुजमा साहब,हाजी कमाल,आजाद खान,हसनैन,मौलाना सफी उल्ला,हाजी अजीम,मास्टर असमद,मो समद,नईम,नजीब अमीर,आदि की भुमिका सराहनीय रही।

# भरगामा में चोरी की घटनाएं बढ़ीं,सुनसान घरों से कई हजारों की हुई जूट चोरी

**चाणक्यभूमि। अररिया**





जिले के भरगामा थाना क्षेत्रों में इन दिनों चोरी की बढती घटनाओं पर अंकुश नहीं लग रहा है। मिली जानकारी के अनुसार अज्ञात चोरों ने 28 फरवरी के देर रात्रि को शंकरपुर पंचायत के वार्ड 7 स्थित रामकुमार सिंह के सुनसान घरों के ताले को तोड़कर लगभग 60 हजार रूपये की जूट चोरी कर फरार हो गया। इस घटना को लेकर गृहस्वामी रामकुमार सिंह ने 29 फरवरी को भरगामा थाना में आवेदन दिया है,उन्होंने लिखित आवेदन के माध्यम से बताया है,कि उनके घरों के ताला को तोड़कर 29 बोझा जूट अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है जिसका अनुमानित किमत लगभग 60 हजार रूपये होगा। वहीं उन्होंने मौखिक तौर पर बताया कि वे 29 फरवरी को सुबह के 6 बजे जब अपने घर पहुंचा तो देखा कि गेट का ताला टूटा हुआ है और घर में रखे लगभग 80 से 85 बोझा जूट में से 29 बोझा जूट गायब है। पूछने पर उन्होंने बताया कि थाने में आवेदन देने के लगभग 48 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस घटनास्थल पर नहीं पहुंची है। इस चोरी की घटना से घबराए रामकुमार सिंह ने कहा कि चोरी की घटना को बेखौफ अंजाम देने वाले अज्ञात चोरों का हौसला दिन प्रतिदिन बढ़ता हीं जा रहा है। नतीजतन दुकानों में चोरी करने वाले चोर अब घरों में चोरी करने लगे हैं। पुलिस प्रशासन के लिए चोरी की घटना को रोकना,चोरी करने वाले गिरोह को दबोचना और चोरी गए सामानों को बरामद करना आसान नहीं रह गया है। चोरों की चुनौति का मुकाबला करने में पुलिस महकमा गंभीर नहीं दिख रहा है। पुलिस अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से गांव की सड़कों पर गश्त लगाने का दावा कर रही है। एसपी भी अपराध समीक्षा के दौरान अपराध नियंत्रण का निर्देश देते रहते हैं लेकिन इसका असर उनके मातहत अधिकारियों पर नहीं है। पुलिस कर्मी उनके निर्देश को एक कान से सुनकर मानो दूसरे कान से निकाल देते हैं। यही वजह है कि भरगामा में पुलिस की गश्ती व्यवस्था गतिविधि पर प्रश्न चिन्ह लगने लगा है। उनका ये भी कहना है कि भरगामा पुलिस के गश्ती दल को इतना फुर्सत ही नहीं है कि वे गांव-गांव में गश्ती दल लेकर पहुंच सकें। यही वजह है कि चोरों का गिरोह बेखौफ होकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने में सफल हो जा रहा है। और प्रभावित गृहस्वामी छाती पीटते रह जाते हैं। वहीं इस संबंध में थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि इस तरह की कोई लिखित सूचना उन्हें नहीं मिली है।

# मैनाटांड़ में नए प्रमुख ने संभाला कार्यभार



**चाणक्यभूमि। बेतिया**

मैनाटांड़ में नए प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी एंव उप प्रमुख खुर्शीद आलम ने शुक्रवार को कार्यालय पहुंच अपना कार्य भार संभाला। प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी ने फीता काट अपने कक्ष में प्रवेश किया। इस दौरान को उप प्रमुख सहित कई बीडीसी मौजूद रहें। इधर प्रखंड प्रमुख को बीडीओ पंकज कुमार,सीओ आशीष आनंद बीपीआरओ गोविंद कुमार ने हार्दिक शुभकामनाएं दी। इधर प्रमुख सुशीला देवी ने कहां की प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत समिति क्षेत्र का सर्वांगीण विकास एंव सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि गणेश साह उर्फ भोट साह, रजिया देवी गिरिजा देवी,बच्ची साह, शीला देवी, समाजसेवी अरुण यादव अफरोज आलम, रामजी प्रसाद आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

# प्रत्येक बूथ का करे पदाधिकारी भौतिक सत्यापन जिलाधिकारी

**जिलाधिकारी ने एक-एक बूथों का भौतिक सत्यापन संयुक्त रूप से करने का निर्देश दिया उन्होंने सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को बैठक मे ऐसा निर्देश दिया साथ ही मतदान को प्रभावित करने वाले संभावित व्यक्ति की पहचान करने को भी कहा**

चाणक्यभूमि। बेतिया

लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर बगहा अनुमंडल क्षेत्र के 100 सेक्टर पदाधिकारी और 100 सेक्टर पुलिस पदाधिकारी की संयुक्त ब्रीफिंग आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी, श्री दिनेश कुमार राय, पुलिस अधीक्षक, बगहा, श्री सुशांत कुमार सरोज द्वारा की गई। ब्रीफिंग की शुरुआत में अनुमंडल पदाधिकारी, बगहा के द्वारा जानकारी देते हुए बतलाया गया कि बगहा अनुमंडल के सेक्टर पदाधिकारियों के साथ पूर्व में दो बैठकें कर ली गयी हैं। निर्वाचन विभाग के निदेश के आलोक में मतदान केंद्र का सत्यापन करते हुए एएमएफ, अप्रोच पथ, रुट चार्ट, जर्जन भवन से संबंधित प्रतिवेदन प्राप्त कर लिया गया है। भेद्यता मानचित्रण से संबंधित वीएम2 और वीएम 3 का प्रतिवेदन प्राप्त नही हुआ है। इसके लिए सभी को निदेशित किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। सफलतापूर्वक निर्वाचन सम्पन्न कराने में सेक्टर पदाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी की महती भूमिका होती है। सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों को अच्छे से समझें और चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश के अनुरूप कार्य करें। उन्होंने कहा कि जो भी जानकारी दी जा रही है, उसे अच्छे तरीके से सुनें और समझें। बेहतर तरीके से जानकारी प्राप्त करें। किसी भी बिन्दु पर संशय की स्थिति में पूछे और संशय को दूर करें। उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन को निष्पक्ष, स्वच्छ एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराना है। किसी भी परिस्थिति में निर्वाचन की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता प्रभावित नहीं होनी चाहिए। मतदाताओं को कोई डराये, धमकाये नहीं इसका विशेष ध्यान रखना है। इस हेतु समन्वित रूप से सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को सजग एवं सचेत होकर अपने-अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निवर्हन करना है। टीम वर्क के साथ कार्य करते हुए सफलतापूर्वक निर्वाचन को सम्पन्न कराना है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी से कहा कि सम्बद्ध एक-एक बूथ का भौतिक सत्यापन संयुक्त रूप से कर लें। मतदान केंद्रों तक का पहुंच मार्ग स्पष्ट रूप से याद रहना चाहिए ताकि निर्वाचन के दौरान प्रेक्षक आवें और किसी भी बूथ पर ले चलने को कहें तो बेहिचक ले जा सकें। उन्होंने कहा कि भेद्यता मानचित्रण-1 (वीएम1) सबको काफी पूर्व में उपलब्ध करा दिया गया है। उसके आधार पर एक-एक बूथ का सत्यापन करते हुए वीएम2 और वीएम3 प्रतिवेदन शीघ्र अनुमंडल पदाधिकारी, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और जिला मुख्यालय को समर्पित कर दें। विगत चुनावों में क्या गतिविधि रही थी, इसका अध्ययन कर लें। किस मतदान केंद्र पर मतदान का प्रतिशत कम रहा और कम रहने का क्या कारण था, इसकी जानकारी लेकर प्रतिवेदन दें ताकि समस्या का ससमय निराकरण कराया जा सके। उन्होंने निर्देश दिया कि कम्युनिकेशन प्लान में अंकित व्यक्तियों से मिल कर सत्यापन कर लें। उनके द्वारा उपलब्ध कराए गए मोबाइल नंबर का सत्यापन कर लें। मोबाइल नंबर रहना अत्यंत आवश्यक है, ताकि मतदान के समय जानकारी लिया जा सके। किसी राजनीतिक दल से सम्बद्ध व्यक्ति का नाम नहीं रहे, इसे भी सुनिश्चित करना है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि मतदान को प्रभावित करने वाले संभावित व्यक्ति की पहचान अवश्य कर लें, ताकि समय रहते उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई किया जा सके। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के प्रति सचेत रहना है, प्रेस नोट के जारी होते ही सभी बैनर/पोस्टर हटवाया जाएगा। टीम भावना से काम करना है। उन्होंने कहा कि इस जिले में 58000 की संख्या से अधिक 80+ एवं पीडब्लूडी मतदाता है, जिनके लिए पोस्टल बैलट की व्यवस्था की जाएगी। इनका सत्यापन करते हुए मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने अथवा पोस्टल बैलट का उपयोग करने पर सहमति प्राप्त कर लें। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रेस नोट जारी होते ही सी-विजिल एप्प क्रियान्वित हो जाएगा। निर्धारित 100 मिनट में रिस्पांड करना होगा। उन्होंने उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारियों और थानाध्यक्ष को निदेश दिया कि अंतिम जिला होने के कारण वाहन की समस्या हो सकती है। वाहनों का आंकलन चौकीदार, पंचायत स्तरीय अन्य कर्मियों के माध्यम से पूर्व में ही करा लें। किस प्रकार का वाहन किस मतदान केंद्र पर जा सकेगा इसके निमित्त रूट का सत्यापन कर लें। पुलिस अधीक्षक, बगहा, श्री सुशांत कुमार सरोज ने कहा कि एक एक बूथ और भवन को अपनी आंखों से देख लें। भेद्यता मानचित्रण के क्रम में सख्ती से जांच करें। विगत चुनाव की गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए भी जानकारी प्राप्त करें। किसी पार्टी विशेष के मेल में आकर गलत रिपोर्टिंग नहीं करेंगे। अन्यथा की स्थिति में रिप्रेजेंटेशन ऑफ पीपल एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। प्रशासनिक पदाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी साथ में क्षेत्र में जाएं। छोटी से छोटी गतिविधि की जानकारी उच्चाधिकारी को दें। उप विकास आयुक्त, श्रीमती प्रतिभा रानी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी सुनिश्चित करेंगे। स्वयं से बूथ का सत्यापन कर लें। मतदाता सूची लेकर मतदाताओ से मिल लें। सम्बद्ध मतदान केंद्र पर निरंतर जाएं और जानकारी प्राप्त करें। सभी बूथ के कॉन्टैक्ट पर्सन का नम्बर रख लें, ताकि मतदान दल को मतदान केंद्र पर पहुंचने पर कोई असुविधा ना हो। ईवीएम के रख-रखाव के प्रति सचेत रहेंगे। मतदान के दिन ईभीएम को अनावश्यक रूप से किसी भी जगह नहीं छोड़ेंगे। आवश्यकता पड़ने पर ही संबंधित बूथ पर पीठासीन पदाधिकारी को हस्तगत कराएंगे। अनयूज्ड/अनपोल्ड ईभीएम को चिन्हित बज्रगृह में प्राप्त कराएंगे। मतदान के दिन एक-एल बूथ के पदाधिकारी के प्रस्थान करने के उपरांत ही क्षेत्र को छोड़ेंगे। मतदान केंद्र के 200 मीटर की परिधि में पार्टी कार्यालय नहीं रहे इसे सुनिश्चित करेंगे। श्री कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) एवं श्री यशलोक कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा बारी-बारी से सेक्टर पदाधिकारी/सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को उनके कर्तव्य और दायित्वों की बारीक जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बगहा, श्री सुशांत कुमार सरोज, उप विकास आयुक्त, श्रीमती प्रतिभा रानी/अनुमंडल पदाधिकारी, बगहा, डॉ0 अनुपमा सिंह, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच), श्री कुमार रविन्द्र, निदेशक, डीआरडीए, श्री अरुण प्रकाश, श्रीमती एंजेलिका कृति, भूमि सुधार उप समाहर्ता, बगहा अवर निर्वाचन पदाधिकारी, श्री यशलोक कुमार एवं अन्य स्थानीय प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैठक की

**जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 6 मार्च को प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैठक की गई सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाएं चुस्त-दुरूस्त रखने का निर्देश दिया गया**

चाणक्यभूमि। बेतिया

माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार के पश्चिम चम्पारण जिले में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा व्यवस्था, विधि व्यवस्था संधारण आदि के मद्देनजर आज जिलाधिकारी, श्री दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में ड्रॉप गेट, बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था, वाहन पार्किंग, हैलीपैड, सेफ हाउस, संपर्क पथ, सुचारू यातायात, शौचालय, पेयजल, साफ-सफाई, कार्यक्रम स्थल का समतलीकरण सहित अन्य तैयारियों से संबंधित विचार-विमर्श हुआ। जिलाधिकारी, श्री दिनेश कुमार राय ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार के कार्यक्रम को लेकर सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरूस्त रहनी चाहिए। सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक, बेतिया श्री अमरकेश डी, माननीय सांसद, श्री संजय जायसवाल, डीआरएम, समस्तीपुर, श्री विनय श्रीवास्तव सहित अन्य वरीय अधिकारियों ने कार्यक्रम के मद्देनजर अपने-अपने सुझाव व्यक्त किए। बैठक में माननीय सांसद, श्री संजय जायसवाल, पुलिस अधीक्षक, बेतिया, श्री अमरकेश डी, उप विकास आयुक्त, श्रीमती प्रतिभा रानी, अपर समाहर्ता, श्री राजीव कुमार, अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, श्री कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, श्री अनिल कुमार सिन्हा, डीआरएम समस्तीपुर, श्री विनय श्रीवास्तव,



वरीय उप समाहर्ता, श्री कमलकांत त्रिपाठी, एसडीएम, बेतिया, श्री विनोद कुमार, नगर आयुक्त, नगर निगम, बेतिया, श्री शंभु कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी, श्री ललन प्रसाद, जिला कृषि पदाधिकारी, श्री प्रवीण कुमार, कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, श्री समलदेव कुमार, कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण प्रमंडल, श्री रमेश पंडित सहित रेलवे के अन्य वरीय अधिकारी एवं अभियंता उपस्थित थे।

# 19 हजार करोड़ की योजनाओं की सौगात मिलेगी चंपारण को

**पीएम के साथ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिंह भी मौजूद रहेंगे**



चाणक्यभूमि। बेतिया

चुनाव घोषणा के पुर्व आगामी 6 मार्च को प्रधान मंत्री बेतिया आयेंगे और चंपारण वासियों को 19 हजार करोड़ की योजनाओं की सौगात देंगे। सांसद डॉ. संजय जयसवाल और सतीश चंद्र दुबे ने जिला अधिकारी दिनेश कुमार राय, पुलिस अधीक्षक अमरकेस डी, डीआरएम एवं अन्य पदाधिकारी के साथ बैठक कर प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर तैयारी का जायजा लिया। इस दौरान सांसद डॉक्टर संजय जायसवाल ने कहा कि 6 मार्च की दोपहर एक बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेतिया आएंगे। हवाई अड्डा परिसर में सभा को संबोधित करेंगे। बता दें कि पहली बार प्रधानमंत्री का कार्यक्रम 13 जनवरी को होने की चर्चा शुरू हुई थी। उसके बाद 27 जनवरी को तिथि निर्धारित होनी थी, लेकिन बाद में तिथि में बदलाव कर इसे चार फरवरी किया गया था। हालांकि अब 6 मार्च को तिथि निर्धारित की गई है।

# BITS) पिलानी (झुंझुनूं) में एक छात्रा ने की आत्महत्या



**आत्महत्या की वास्तविक वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। हॉस्टल वार्डन को जब घटना की सूचना मिली तो उन्होंने बिट्स की हायर अथॉरिटी को इसके बारे में बताया, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। बाद में शव को बिरला सार्वजनिक अस्पताल की मॉर्च्युरी में भिजवाया गया**

चाणक्य भूमि

BITS) पिलानी (झुंझुनूं) में जींद(हरियाणा) निवासी दीक्षा रोहिला ने आत्महत्या कर ली। दीक्षा ऑर्गेनिक सिंथेसिस विषय में पीएचडी कर रही थी।आत्महत्या करने से पहले एक कागज पर दो लाइन का परिवार के लिए मैसेज लिखा है। दीक्षा ने छोटे भाई के लिए लिखा- मम्मी का ध्यान रखना। मेरी मौत के लिए कोई जिम्मेदार नहीं है।

# एक ट्रक विदेशी शराब जप्त-पटना और चौतरवा पुलिस की संयुक्त कारवाई

**चौतरवा में मद्य विभाग और पुलिस की संयुक्त कारवाई में पचास लाख मूल्य की एक ट्रक अंग्रेजी शराब जप्त की गई साथ ही ट्रक चालक को भी गिरफ्तार कर लिया गया**



चाणक्यभूमि। बेतिया

बगहा के चौतरवा थाना अंतर्गत एन एच 727 मुख्य मार्ग पर पटना से आई मद्य निषेध विभाग टीम ने चौतरवा थाना के सहयोग से उत्तर प्रदेश चोरी छिपे बिहार लाई जा रही अंग्रेजी शराब के एक ट्रक को पकड़ा जिसमे 794 कार्टून बरामद किया ।पुलिस ने ट्रक चालक को भी गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में बगहा पुलिस कप्तान सुशांत कुमार सरोज ने बताया कि पटना से आई मध्य निषेध विभाग टीम ने चौतरवा पुलिस के सहयोग से यह सफलता पाई है यह शराब का खेप उत्तर प्रदेश से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में शराब माफियाओं द्वारा सप्लाई किए जाने का लक्ष्य था। पुलिस ने उनकी मनसा को ध्वस्त कर दिया है बताते चले की इससे पूर्व में भी स्थानीय पुलिस ने एक ट्रक से 822 कार्टून शराब जप्त की थी पर सवाल लिया है जहां बिहार में शराबबंदी है और पड़ोसी राज्य की सीमा पर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहती है तो फिर आखिर का यूपी से बिहार इतनी बड़ी शराब की बड़ी खेप कैसे आ रही है । यह अपने आप में प्रशासन की व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रहा है वैसे तो शराब माफियाओं द्वारा होली के त्यौहार को लेकर बिहार में शराब की पूरी खपत होती है और यह सभी जानते हैं फिर भी लाख प्रतिबंध के वाजूद भी बिहार में शराब बिकना अपने आप में एक सोचनीय विषय बना हुआ है। छापेमारी दल में एस आई रामाश्रय यादव, वाल्मीकि प्रसाद साहित् कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस चिकित्सक प्रकरण में चिकित्सक डॉ भगवान ने दिया इस्तीफा

चाणक्यभूमि। बेतिया

नौतन के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र झखरा के चिकित्सक डॉ भगवान लहरी ने पारिवारिक कारणों का हवाला देते हुये अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने नौतन के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग बिहार के संयुक्त सचिव को भेजे गये त्यागपत्र में इस्तीफा का कारण पारिवारिक कारण बताया है परन्तु माना जाय तो बीते दिनों पुलिस चिकित्सक प्रकरण में उचित सम्मान और न्याय नहीं मिलने के कारण चिकित्सक ने अपने पद से इस्तीफा दिया है। अब वजह जो भी हो परन्तु उस दौरान उन्होंने कहा था कि अगर उन्हें न्याय नहीं मिला तो वो इस्तीफा दे देंगे। उस समय उनके समर्थन में पूरा



स्वास्थ्य विभाग था और IMA की राज्य स्तरीय टीम ने भी इस मामले मे हस्तक्षेप किया था।

# ब्रीतिटोला माई स्थान पर आध्यत्मिक उत्सव का आयोजन,उमड़ी भीड़



चाणक्य भूमि (कनकलता)। बेतिया

शुक्रवार के दिन गुरचुरवा गावं में रामेश्वर महतो के आवास स्थित माई स्थान पर 24 घण्टे का अखण्ड अष्टयाम का आयोजन किया गया।भारी संख्या में अष्टयाम में भाग लिये।इस अवसर पर मंडली के कलाकारों ने एक झांकी निकाली,जो बड़ा आकर्षक साबित हुआ।झुंड की झुंड महिलाओं ने पूजा अर्चना की।रात ढलती गयी और भीड़ बढ़ती गयी।हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे ,हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे की धुन पर झूमते दिखे श्रद्धालु।इस अष्टयाम को सम्पन्न कराने में मुन्ना महतो ,बिजय कुमार ,सेफ्टी ऑफिसर गोल्डी कुमार कआदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।मौके पर सुगर इंडस्ट्रीज के ऑफिसर टाइम आफिस एस पी श्रीवास्तव,चंद्र भूषण पाठक,फोरमैन अनिल कुमार सिंह,पत्रकार राजू शर्मा मुखिया प्रत्तिनिधि दीनानाथ प्रसाद,अखिलेश कुमार महतो,राजू सिंह आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।

































स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएेगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266